AnkitGram

SEWADHAM ASHRAM

EST.1989

DAILY HIGHLIGHTS

Friday, 4 April, 2025

36 वर्षों से, अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम मानवता की सेवा में निरंतर कार्यरत है व हम आपको दैनिक मुख्य गतिविधियों की जानकारी पहुँचाने का प्रयास करेंगे। कृपया हमें अपने सुझाव और मार्गदर्शन देकर सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग करें।

27वें 'क्रांतिवीर सम्मान' से बस्तर के पद्मश्री डा.धर्मपाल सैनी जी सम्मानित

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डा.प्रकाश रघुवंशी के पिता स्वतंत्रता सेनानी श्री रामचंद्र रघुवंशी 'काकाजी' की स्मृति में प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले 'क्रांतिवीर सम्मान' को इस वर्ष बस्तर के गांधी और विनोबा के रूप में प्रसिद्ध, नक्सली क्षेत्र में बेटियों की शिक्षा के लिए क्रांति करने वाले पद्मश्री डा.धर्मपाल सैनी जी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कालावती यादव, विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज, श्री ओमप्रकाश खत्री, श्री संजीव सरन, डॉ. शैलेन्द्र पाराशर सहित अनेक विशिष्ट हस्तियाँ उपस्थित रहीं। अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम के बच्चों ने "मेरे चौखट पर आए राम" गीत की सुंदर प्रस्तुति दी, वहीं श्रीमती पद्मजा रघुवंशी की बेटियों ने भी मनमोहक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। श्री धर्मपाल सैनी जी ने आयोजन के पूर्व दो दिन सेवाधाम आश्रम में रहकर अपने प्रेरणादायक जीवन के अनुभव भी साझा किए। सुधीर भाई का उनसे पिछले दो दशकों से आत्मीय संबंध रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। यह 'क्रांतिवीर सम्मान' का 27वां वर्ष था।

2 भिक्षुकों का अपने अपने परिवार में पुनर्वास

इंदौर कलेक्टर द्वारा आश्रम भेजे गए, संपन्न परिवारों से संबंध रखने वाले, दो भिक्षुक, सोनाबाई (72 वर्ष) और कन्हैया (49 वर्ष), का सेवाधाम आश्रम में देखभाल के बाद, माननीय कलेक्टर के आदेश पर उनके परिवार में पुनर्वास किया गया। भाईजी ने उन्हें भविष्य में भिक्षा न मांगने की शपथ दिलाई।

बीमार बच्चों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया

आश्रम द्वारा बीमार बच्चों की निरंतर उचित देखभाल की जाती है। इसी संदर्भ में आश्रम के तीन बच्चों — रेहान (4 वर्ष), राधा (15 वर्ष) और मेहेक (7 वर्ष) — को बीमार होने पर बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल उज्जैन भेजा गया।

स्वामी निरंजन देव तीर्थ जी और स्वामी करपात्री जी महाराज के परम शिष्य, परम पूज्य यज्ञ सम्राट स्वामी श्रीप्रखरजी महाराज का सेवाधाम आगमन

सेवाधाम आश्रम के मुख्य सँवरक्षक, मर्गदर्शक और आशीर्वाददाता परम पूज्य स्वामी श्रीप्रखरजी महाराज सेवाधाम पधारे। मुख्य द्वार पर आश्रम के बच्चों के साथ सुधीर भाई, कांता जी, मोनिका, गोरी सहित आश्रम परिवार ने उनकी अगवानी की, गुरुपूजन किया और महाराज श्री ने आश्रम में ही रात्रि विश्राम किया।

दृष्टिहीन भैरव सिंह को मिला जीवन जीने का सहारा

74 वर्षीय बेघर, बेसहारा, शारीरिक दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित भैरव सिंह राजपूत (ग्राम लडावत, जिला शाजापुर) को विधायक श्री अरुण भीमावद, कलेक्टर जिला शाजापुर एवं ग्राम पंचायत की अनुशंसा से अपनाया। उनकी पत्नी और बेटे का पूर्व में देहांत हो चुका है।

आश्रम की तत्काल आवश्यकताएँ

आश्रम में निम्नलिखित चीजों की तत्काल आवश्यकता है:

- 300 सीलिंग फैन
- 10 बड़े कूलर (विशेषकर बिस्तरग्रस्त और बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए)
- एक स्वचालित लॉन्ड्री मशीन
- गोशाला का भूसाघर निर्माणाधीन है, जिसमें आप ₹2100 प्रति वर्ग फुट के सहयोग से सहभागी बन सकते हैं।

आपका सहयोग आश्रमवासियों के लिए राहत और सुविधा लेकर आएगा।

सहयोग करने के लिए QR कोड को स्कैन करें। आप चाहें तो सीधे हमारे बैंक अकाउंट में भी सहोग कर सकते हैं:

Bank Name: YES BANK
Account Name: SEWADHAM ASHRAM
Account number: 038194600000563
IFSC: YESB0000381

www.ankitgramsewadhamashram.org contact@ankitgramsewadhamashram.org 9425092505 | 7987768019